प्रेषक,

छोटे लाल यादव,
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश (आ0व0अधि0), बांदा।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
मान्नीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

मान्नीय जनपद न्यायाधीश,
बांदा।

विषयः— मान्नीय उच्च न्यायालय के आदेश संख्या 73/एडमिन (सर्विसेज)/2024 दिनांकित 08.02.2024 के अनुपालन अनुसार वांछित प्रपत्रों का प्रेषण।

महोदय,

मान्नीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या 73/एडमिन (सर्विसेज)/2024 दिनांकित 08.02.2024 के अनुपालन में आवेदक द्वारा अपने स्थानान्तरण (प्री—मिच्योर ट्रान्सफर) प्रार्थनापत्र संख्या 3801/प्रथम दिनांकित 14.12.2023 के माध्यम से अपना स्वयं व अपनी पत्नी के उचित इलाज हेतु प्रार्थनापत्र मान्नीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

प्रार्थी की पत्नी Endometriosis along with pain in abdomen और अर्थोरोग (हड्डी रोग) से बहुत बुरी तरह पीडित है, अर्थो विशेषज्ञ ने सभी टेस्ट कराने के बाद निष्कर्ष स्वरूप मरीज का इलाज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स नई दिल्ली से कराया जाना उचित बताया है। तत्पश्चात प्रार्थी की पत्नी का इलाज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स, नई दिल्ली में चल रहा है।

प्रार्थी स्वयं फरवरी 2022 से प्रोस्टेट (Prostate) बढ़ जाने के कारण उपचार जिला अस्पताल मुजफ्रनगर से कराता रहा है। जनपद बांदा स्थानान्तरण के पश्चात जिला अस्पताल बांदा में भी लगातार उपचार करा रहा है, परन्तु डाक्टरों की सलाह दिनांकित 10.02.2024 के अनुसार प्रोस्टेट की वैल्यू कमशः बढती जा रही है, उच्च संस्थान (Higher Center) में इलाज कराया जाना आवश्यक है। उक्त के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय बांदा द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित मेडिकल प्रपत्र संलग्न है। जनपद बांदा में उक्त के उपचार हेतु उचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।

अतः मान्नीय महोदय से प्रार्थना है कि प्रार्थी का प्रार्थनापत्र मान्नीय न्यायालय के समक्ष सहानुभूति पूर्वक रखा जाये, जिससे प्रार्थी का स्थानान्तरण दिल्ली के आस—पास किसी जनपद में अथवा लखनऊ में मान्नीय न्यायालय की कृपा से हो सके, जिससे प्रार्थी गम्भीर रूप से बीमार अपनी पत्नी एवं स्वयं का इलाज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स, नई दिल्ली अथवा पी0जी0आई0 लखनऊ से करा सके। उक्त चिकित्सा आधार स्थानान्तरण प्रार्थनापत्र के सम्बन्ध में यथाउचित सहायक दस्तावेज एवं सहायक शपथपत्र सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न है। मान्नीय न्यायालय के समक्ष सहानुभूति पूर्वक विचारण हेतु प्रस्तुत करने की कृपा करें।

प्रार्थी सदैव आभारी रहेगा।

सादर।

भवदीय

C.L. Yadav
30-04-2024

दिनांकः 30.04.2024

(छोटे लाल यादव)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश (आ0व0अधि0),
बांदा।

Office of the District Judge, Banda
No. 1387/I Dated 03/5/24
FORWARDED
03/05/24
District Judge
BANDA

संलग्नकः— यथोक्त।